समाचार

18 नवम्बर को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 17 दिसम्बर 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट रविवार 18 दिसम्बर को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 दिसम्बर रविवार को वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा कुष्ठ आश्रम के पास, वार्ड क्र. 12 रेलवे कालोनी, वार्ड क्र. 26 मुड़ापार नवधा चौक के पास, वार्ड क्र. 34 बेलगिरी बस्ती अमर सिंह होटल के पास स्टेज, वार्ड क्र. 42 उपरपारा स्टेज, वार्ड क्र. 48 इंदिरा नगर सुमेधा आशीष अग्रवाल के दुकान के पास, वार्ड क्र. 59 मदरसा मोहल्ला ईदगाह के पास, वार्ड क्र. 63 भूसडीपारा आंगनबाड़ी के पास कैम्प लगाए जाएंगे। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने संबंधित वार्ड पार्षदों से अपील करते हुए कहा है कि वार्डो में लगने वाले मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविरों की जानकारी वार्ड के नागरिकों को देने के साथ ही शिविर में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी निःशुल्क जांच व बीमारियों का इलाज करा सके तथा शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके।